# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर

## दिनांक– 20.08.2025

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अर्न्तगत 02 शातिर मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 19.08.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री नितिन कुमार मय हमराहीगण द्वारा 02 अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण 1. अमन मनराल उर्फ दादा पुत्र दिनेश मनराल नि0 मनराल भवन पम्पा पुरी, कस्बा व थाना रामनगर जनपद नैनीताल व हाल पता वैभव श्रीवास्तव का मकान सुभाष नगर, थाना क्लेमैंट टाउन, जनपद देहरादून उत्तराखण्ड व 2. परिक्षित उर्फ बाबा पुत्र राजकुमार चौहान नि0 जटौली थाना पटौदी जनपद गुरुग्राम हरियाणा को चैकिंग के दौरान बड़कली कट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 147 ग्राम चरस, 01 किलो 381 ग्राम गांजा, 02 मोबाईल फोन व 01 बिना नम्बर प्लेट आई–20 कार बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 285/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना छपार पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 02 शातिर गौकश अभियुक्तगण(01 घायल सहित) गिरफ्तार–**

  दिनांक 19/20.08.2025 को थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री सत्यप्रकाश यादव मय हमराहीगण द्वारा 02 शातिर गौकश अभियुक्तगण 1. शहजाद पुत्र याकूब(घायल) व 2. सालिम पुत्र कामिल निवासीगण ग्राम खुडडा थाना छपार मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड ग्राम महरायपुर से खुडडा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 रास गौवंश जिन्दा, गौकशी के उपकरण व 02 तमंचे मय 03 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 226/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम व 3/5/8 सीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री जब्त करते हुए अवैध शस्त्रों का निर्माण करने वाले व विक्रय करने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार।**

  दिनांक 20.08.2025 को थानाध्यक्ष श्री मोहित चौधरी थाना शाहपुर मय हमराहीगण द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री जब्त करते हुए अवैध शस्त्रों का निर्माण करने वाले व विक्रय करने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण 1. आसिफ पुत्र अदालत निवासी ग्राम शेरपुर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर व 2. मदनपाल पुत्र बारू सिंह निवासी ग्राम बरवाला थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को बरवाला जाने वाले रास्ते पर अभियुक्त मदनपाल के घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 16 तमंचे 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर, 02 मस्कट 12 बोर, 01 बन्दूक 12 बोर, 01 तमंचा अधबना 12 बोर, 16 नाल छोटी बडी 315 बोर, 08 नाल छोटी बडी 12 बोर, 19 बाडी तमंचा लोहे की, 01 खोखा कारतूस 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मोटर साईकिल स्पलैण्डर प्लस नम्बर यूपी 12 एवाई 7652, शस्त्र निर्माण के उपकरण व अवैध शस्त्र के पार्टस आदि बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 238/25 धारा 9/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना ककरौली पुलिस द्वारा लूट/छिनैती के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 अभियुक्त घायल सहित कुल 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 19/20.08.2025 को थाना ककरौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुभाष कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 131/25 धारा 304,317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. मोहित कुमार पुत्र नरेन्द्र चौहान(घायल) व 2. चंदन पुत्र सुरेश निवासगीण भुवापुर थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को आश्रम चौराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से उक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 मोबाइल फोन, 02 एटीएम कार्ड, 01 आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, 3500/– रूप्ये तथा 01 तमंचा मय 01 खोखा 315 कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 20.08.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिवराज तोमर मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 1117/16 धारा 4/25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त कादिर पुत्र गुलजार निवासी मो0 जाटान कस्बा व थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार–**
  दिनांक 20.08.2025 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री मांगेराम कर्दम मय हमराहीगण द्वारा 1. वाद संख्या 573/9/17 धारा 323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्तगण अर्जुन सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम समौली थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर 2. वाद संख्या 209/20 धारा 323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त किशनलाल पुत्र छिद्दासिंह निवासी ग्राम रतनपुरी, मुजफ्फरनगर व 3. वाद संख्या 5298/09/17 धारा 323,324,325 भादवि में वारण्टी अभियुक्त अनिल पुत्र सुरजा हरिजन निवासी ग्राम इंचौली थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया।